>

Title: Alleged violation of human rights of the political and other prisoners in various jails of Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): माननीय सभापति जी, मैं उत्तर प्रदेश के कारागार, जेलों के विषय में कहना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश में लगातार जेलों में कई ऐसी घटनाएं हुई जिनका राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी संज्ञान लिया। चाहे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में भ्रष्टाचार को लेकर लखनऊ में डिप्टी सी.एम.ओ. की हत्या का सवाल हो, अभी ज्ञानपुर में दैनिक जागरण में यह छपा हुआ है।

सिपाहियों द्वारा उन बंदियों की पैर बांध कर पीटते हुए तस्वीर। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी इसे संज्ञान में लिया। इसी प्रकार बनारस में भारतीय जनता पार्टी सहित कई राजनैतिक दल के लोग जेलों में बंद थे। चंदासी कोयला व्यापार मंडल के आंदोलन में भारतीय जनता पार्टी की एकमात्र महिला नेता बंद थी। उन्हें जो कमरा मिला, उसमें मात्र 80 महिलाओं के रहने की जगह थी, लेकिन उसमें 180 से ज्यादा महिलाएं बंदी बनाई गई थीं। वे पांच या सात दिन उस जेल में रही, उस राजनैतिक बंदी महिला को एक दिन भी वहां सोने नहीं दिया गया।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से इस गंभीर सवाल को सदन में रखना चाहता हूं, कारागार की जो मानवीय संवेदनाएं हैं, जो मानव अमानवीयकृत हो रहे हैं, उनकी तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। ज्ञानपुर में तालीबानी कानून है, वहां कैदियों को पीटा जा रहा है। राजनैतिक बंदियों को भी जेलों में कैदियों के साथ रखा जा रहा है। उनके भोजन आदि का कोई इंतजाम नहीं है। मैं जब बनारस जेल के अंदर गया तो मुझे वहां कई ऐसे कैदी और राजनैतिक बंदी मिले, जिनकी हालत चिन्ताजनक है।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार से चाहता हूं कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग जाकर उन जेलों का निरीक्षण करे और स्वयं केन्द्र सरकार इसे संज्ञान में लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश जारी करे कि इन जेलों में जो गलत काम हो रहे हैं, जेलों में डिप्टी सीएमओ सहित कई लोगों की हत्या हुई, जो अपराधी जेलों में बंद हैं, उनके साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है, उसे रोका जाए। जेलों में सुधार करने का जो एक मानदंड है, उसका पालन किया जाए।

सभापति महोदय : जो माननीय सदस्य इस विषय से अपने को सम्बद्ध करना चाहते हैं, वे स्लीप भेज दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय:

श्री राजेन्द्र अग्रवाल,

श्री कमल किशोर कमांडो अपने आपको श्री रामकिशुन जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।